# आखिरकार झुका पाकिस्तान, टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से खेलने को हुआ राजी

## पीसीबी का यू-टर्न, 15 फरवरी को होगा कोलंबो में सामना



**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**नई दिल्ली, 9 फरवरी -** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से मैच ना खेलने पर अड़े पाकिस्तान की तीनों मांगे खारिज कर दी हैं. आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ हुई मीटिंग के बाद उसे फाइनल अल्टीमेटम दे दिया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब पीसीबी का यू-टर्न और उनकी टीम 15 फरवरी को कोलंबो में भारत का सामना भी करेगी.

पाकिस्तान ने भारत से प्रस्तावित मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया था. इसी सिलसिले में आईसीसी के दो प्रतिनिधि इमरान ख्वाजा और मुबाशिर उस्मानी रविवार सुबह लाहौर पहुंचे थे, जहां उन्होंने पीसीबी अधिकारियों के साथ चर्चा की.

आईसीसी में मौजूद सूत्रों ने बताया कि सभी मसले सुलझा लिए जाएंगे. श्रीलंका बोर्ड मैच की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और मुकाबला तय शेड्यूल पर ही खेला जाएगा.

### पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने 3 शर्तें रखीं

बैठक में आईसीसी की ओर से सीईओ संजोग गुप्ता वर्चुअल तरीके से जुड़े. भारत से खेलने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने तीन शर्तें रखीं. पहली, आईसीसी की कुल कमाई में पाकिस्तान का हिस्सा बढ़ाया जाए. दूसरी, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज बहाल कराई जाए. तीसरी, मैदान पर हैंडशेक प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू किया जाए. दरअसल, एशिया कप के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था. फिलहाल क्ळउ रेवेन्यू मॉडल में पाकिस्तान चौथा सबसे बड़ा हिस्सेदार बोर्ड है. उसे कुल कमाई का करीब 5.75 फीसदी हिस्सा मिलता है. इससे ऊपर ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत के बोर्ड हैं.

### पाकिस्तानी पीएम को लेना है अंतिम फैसला

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुई बैठक में पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी, आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम शामिल रहे. यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली.

बैठक के बाद अब अंतिम फैसला पाकिस्तान सरकार के स्तर पर होना है. आईसीसी चेयरमैन मोहसिन नकवी पूरे मामले की जानकारी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को देंगे, जिसके बाद बोर्ड अगले 24 घंटे में अपना फैसला सुनाया.

## छुट्टियों का प्लान रद्द कर नेशनल ड्यूटी पर लौटे पेसर ने आते ही छोड़ी छाप

# DSP मो. सिराज रिपोर्टिंग सर...

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**नई दिल्ली, 9 फरवरी -** मोहम्मद सिराज ने अभी-अभी रणजी ट्रॉफी के लीग चरण में हैदराबाद के लिए दो मैच खेले थे. टीम नॉकआउट में नहीं पहुंची तो अगले हफ्ते रियाल मेड्रिड फुटबॉल क्लब के मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया, लेकिन इससे पहले कि वह छुट्टियां मनाने विदेश निकलते उन्हें 'नैशनल ड्यूटी' का बुलावा आ गया.

हैदराबाद पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात सिराज ने बताया वह रियाल मेड्रिड और रियाल सोसिएदाद के बीच फुटबॉल मैच देखने के लिए मेड्रिड जाने और फिर आईपीएल से पहले रमजान के दौरान परिवार के साथ समय बिताने की योजना बनाई थी. तभी एक कॉल आया. फोन की दूसरी तरफ से आवाज आई, मियां बैग पैक करके आजा. यह संदेश उन्हें भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव से मिला. पहले तो सिराज ने कहा कि मजाक मत करो. जब सूर्यकुमार ने दोबारा कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे और उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम से जुड़ना है. तो सिराज ने तुरंत बैग पैक किया. वे रात 3 बजे मुंबई पहुंचकर टीम से जुड़े, टूनामेंट के पहले दिन तड़के. उन्होंने विपक्षी टीम पर थोड़ी तैयारी की और फिर सो गए. उठने पर संदेश मिला कि वह यूएसए के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे.

करीब दो साल बाद खेला टी20क सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला था, जो भारत की पिछली टी20 वर्ल्ड कप जीत के तुरंत बाद का समय था




### टी20 वर्ल्ड कप 2026

लेकिन शनिवार को जब उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी का मौका मिला, तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, मानो खेल से उनका रिश्ता कभी टूटा ही न हो. पहले स्पेल में दो तेज विकेट लेकर उन्होंने और अर्शदीप सिंह ने वरअ का स्कोर 13/3 कर दिया, जिससे भारत को 161 रन के स्कोर का बचाव करने की मजबूत शुरूआत मिली .

**किस्मत से एकादश में भी शामिल:--** भारत की 29 रन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक सिराज ने कहा, '24 घंटे में ऊपरवाले ने मेरी किस्मत बदल दी. मैं परिवार के साथ समय बिता रहा था, तभी एड्रियन ले रॉक्स (भारत के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच) का मैसेज आया कि क्या कर रहे हो. मैंने कहा, अभी मैसेज मत करो, मैंने दो चार दिवसीय मैच खेले हैं, मुझे आराम चाहिए.' सिराज को यह मौका अचानक मिला, क्योंकि वे हर्षित राणा के चोटिल होने पर देर से टीम में शामिल किए गए. साथ ही किस्मत ने भी साथ दिया. जब सिराज टीम से जुड़े, तब जसप्रीत बुमरा बीमार थे और मैच से पहले अभ्यास नहीं कर पाए थे. अगर भारत को दो तेज गेंदबाज खिलाने थे, तो अर्शदीप के साथ सिराज ही एकमात्र विकल्प थे.

**नही बची थी कोई उम्मीद:--** सिराज ने कहा, 'जब मैं विमान में था तो ऐसा लग रहा था जैसे मैं सपना देख रहा हूं क्योंकि मैंने विश्व कप में खेलने के बारे में सोचा ही नहीं था.' उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल से योजना बनाई जा रही थी. जो लोग इसमें खेलने वाले थे उन्हें मौके मिल रहे थे और क्योंकि मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेले थे इसलिए मुझे समझ आ गया था कि मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा .'

### टी20 आई में सिराज और हर्षित के आंकड़े

| सिराज | | हर्षित |
|---|---|---|
| 17 | इनिंग्स | 8 |
| 481 | रन दिए | 297 |
| 17 | विकेट | 9 |
| 4/17 | बेस्ट | 3/33 |
| 28.29 | ऐवरेज | 33.00 |
| 7.75 | इकॉनमी | 10.60 |
| 21.80 | स्ट्राइक रेट | 18.60 |

**4** टी20 आई इंटरनैशनल मैं ही साथ में बोलिंग की है जसप्रीत बुमरा और मोहम्मद सिराज ने भारत इन चार में से तीन में जीता है, जबकि एक में हारा है. आखिरी बार दोनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अमेरिका के खिलाफ साथ में उतरे थे .

### राणा से बेहतर विकल्प हैं सिराज

टीम से बाहर होने से पहले सिराज ने अपने पिछले दस टी20 इंटरनैशनल मैच में शानदार इकॉनमी के साथ बोलिंग की थी. पिछले दस मैच में सिर्फ दो बार ही उनकी बोलिंग इकॉनमी तीन बार ही 7 या 7 प्लस रही. इस दौरान चार बार उनकी इकॉनमी पांच के नीचे और एक बार चार के नीचे रही हो इस दौरान वह कुल सिर्फ नौ विकेट निकाल सके. कुछ मैचों में उनकी झोली खाली ही रही. दूसरी ओर हर्षित राणा ने अभी तक सिर्फ नौ टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी बेहद ही खराब रही है. आठ मैचों में उन्होंने गेंदबाजी की और तीन बार उनकी इकॉनमी 13 +, एक बार 11+ और चार मैचों में 8 + रही. हालांकि इस दौरान सिर्फ दो मैच में ही वह विकेट निकालने में नाकाम रहे. फिर भी बेहतर इकॉनॉमी रखने वाले सिराज पर हर्षित को तरजीह समझ से परे है.

# जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया:ब्रायन बेनेट ने नाबाद 41रन बनाए

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**कोलंबो -** जिम्बाब्वे ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है. टीम ने सोमवार के दूसरे मैच में ओमान को 8 विकेट से हराया. इसी के साथ टीम ग्रुप बी की पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है. श्रीलंका दूसरे नंबर पर है.

कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी. ओमान पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई.

104 रन का टारगेट जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया. ओपनर ब्रायन बेनेट 36 बॉल पर 48 रन की पारी खेली. इस



पारी में 7 चौके शामिल रहे. ब्रेंडन टेलर 31 रन पर रिटायर हर्ट हो गए. तदिवानाशे मारुमनी ने 21 रन बनाए. सुफियान टेलर ने 2 विकेट झटके.

# बीसीसीआई : केंद्रीय अनुबंध सूची में 30 खिलाड़ी

## विराट और रोहित ए प्लस से बी कैटेगरी में खिसके



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**मुंबई, 9 फरवरी -** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी कैटेगरी में खिसक गए हैं. इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस कैटेगरी में शामिल नहीं है. वहीं टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध की ए कैटेगरी में रखे गए हैं, जबकि टी- 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव बी कैटेगरी में हैं. बीसीसीआइ ने साल 2025-26 के लिए अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी है.

### केंद्रीय अनुबंध सूची

**ए कैटेगरी -** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह व रवींद्र जडेजा .

**बी कैटेगरी -** रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल व श्रेयस अय्यर.

**सी कैटेगरी -** अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई व रुतुराज गायकवाड़

**इसलिए हुआ डिमोशन -** गौरतलब है कि रोहित और विराट भारत के लिए अब सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं, इसलिए उनका डिमोशन कर दिया गया है. इसी के साथ बीसीसीआइ ने ए प्लस कैटेगरी भी खत्म कर दी है क्योंकि उसका कोई भी खिलाडी फिलहाल खेल के तीनों प्रारूपों की टीम में नियमित रूप से नहीं खेल रहा है.

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**नई दिल्ली, 9 फरवरी -** स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है. सोमवार को ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने डेब्यू कर रही इटली टीम को 73 रन से शिकस्त दी.

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने इस फैसले को गलत साबित कर दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर रहा.

टारगेट का पीछा करते हुए इटली की टीम 17.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी. इटली के कप्तान वेन मैडसेन कंधे में चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं उतर सके.

लीस्क का ऑलराउंड परफॉर्मेंस स्कॉटलैंड की जीत में ओपनर जॉर्ज मुन्से की अर्धशतकीय पारी अहम रही. मुन्से ने 84 रन बनाए, जबकि उनका विकेट ग्रांट स्टीवर्ट ने लिया, जो इटली के टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला विकेट भी रहा. इटली की टीम इस टूनामेंट के जरिए पहली बार वर्ल्ड कप में उतरी है.




### टीम ने इस वर्ल्डकप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

मुन्से के अलावा ब्रेंडन मैकमुलेन ने नाबाद 41 रन बनाए और माइकल जोन्स ने 37 रन का योगदान दिया. वहीं, माइकल लीस्क ने महज 5 गेंदों पर नाबाद 22 रन ठोके और गेंदबाजी में भी 4 विकेट झटके. उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

स्कॉटलैंड की पारी की नींव मुन्से और जोन्स के बीच पहले विकेट के लिए हुई 126 रन की शानदार साझेदारी ने रखी. इटली की ओर से गेंदबाजी में ग्रांट स्टीवर्ट, अली हसन, थॉमस ड्राका और जेजे स्मट्स को एक-एक विकेट मिला.

## अचलपूर नगर परिषद, अचलपूर
## निविदा सूचना

**विभाग :-** दीनदयाळ अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय नागरी उपजीविका अभियान (DAY-NULM)

**निविदा क्रमांक :-** दीअंयोरानाउअ/SUH/O&M/7326/2026 दि. 9/2/2026

दीनदयाळ अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय नागरी उपजीविका अभियान (DAY-NULM) मधील शहरी बेघर निवा-याचे देखभाल व्यवस्थापन (O&M) साठी स्वयंसेवी संस्था नेमणूक करणे या कामाकरिता अनुभव असलेल्या संस्थेकडून कामासाठी सीलबंद निविदा दोन लिफाफा पद्धतीने दि. १६ / ०२ / २०२६ रोजी सायं. ५.०० वाजेपर्यंत कार्यालयीन वेळेत या बेताने मुख्याधिकारी, नगर परिषद, अचलपूर या नावाने सादर करावी. नमूद कामाची कोरी निविदा प्रपत्र NULM विभाग यांचेकडे दि. १०/०२/२०२६ ते १६/०२/२०२६ रोजी दु. ३.०० वाजेपर्यंत निविदा किंमत भरून प्राप्त करता येईल. निविदा भरतेवेळी अनामत रक्कम रोखीने किंवा डी. डी द्वारे स्वीकारण्यात येईल. निविदा सबंधित इतर सविस्तर माहितीसाठी NULM विभाग यांचेशी संपर्क साधावा.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | कामाची अंदाजित रक्कम | अनामत रक्कम | निविदा फॉर्मची किमत |
|---|---|---|---|---|
| १. | शहरी बेघर निवारा देखभाल व्यवस्थापन | ६,१९,२००/- | ६,०००/- | ५००/- |

**टीप :** १. निविदा सादर करतांना द्विलीफाफा पद्धतीने सादर कराव्यात.
२. कोणतेही कारण न देता निविदा रद्द करण्याचा अधिकार मुख्याधिकारी, नगर परिषद अचलपूर यांनी राखून ठेवला आहे.

(धीरजकुमार गोहाड)
मुख्याधिकारी
अचलपूर नगर परिषद

## DR. PANJABRAO DESHMUKH KRISHI VIDYAPEETH, AKOLA
### DEPARTMENT SOIL SCIENCE
### Walk-In-Interview

Walk-In-Interview for following post purely on contractual basis under All India Coordinated Research Project on, "Management of Saline Water & Associated Salinization in Agriculture" will be conducted on 11th February, 2026 at 12.00 hrs in the chamber of Head, Department of Soil Science, Dr. PDKV, Akola.

| S. N. | Name of the post | No.of post | Educational Qualification | Consolidated Pay/Month | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Senior Research Fellow | 01 (One) | M. Sc. (Soil Science & Agril. Chemistry) | Rs.31000+10% HRA for 1st and 2nd year and Rs.35000/- +10% HRA from 3rd year onwards | Work experience of soil, plant testing, soil and plant sampling. execution and monitoring of project activities and knowledge of computer is essential |

Age Limit: Up to 38 years (Relaxable by 5 years for SC/ST/NT and 3 Years for OBC as per university rule)

Eligible candidates should report on 11th February, 2026 at 12.00 hrs with original documents and one set of self attested Photocopies along with latest passport size photograph. For detail information please visit at www.pdkv.ac.in

Head
Department of Soil Science
Dr. PDKV, Akola

## प्रतिदिन अखबार CLASSIFIEDS

**व्यवसाय विषयक** | **जागा विषयक** | **व्यवसाय विषयक** | **नोकरी विषयक** | **नोकरी विषयक**

**किराये पर देने हेतु**
कुल भूमि क्षेत्रफल 80,000 Square Feet उपलब्ध। इसमें 10,000 Square Feet का इंडस्ट्रियल शेड बना हुआ है। साथ में -
* ऑफिस (बाथरूम सहित)
* लेबर के रहने हेतु 5 कमरे + बाथरूम
पताः -यवतमाल रोड, बडनेरा से 6 कि.मी.जुन्नुना गाँव के चौक पर
संपर्क करें: - 9422181586

**बेचना है**
नमुना गल्ली नं.6 में नई पॉश दुकान बेचना है.
संपर्क
8793641893

**JOB OPPORTUNITY**
We require Salesmans (for local marketing) And Senior Office Staff
Attractive Salary and Sales Commission.
Come for Walk in Interview, between 12 to 2:00 p.m. on working day.
Shri Balaji Cement Distributors,
Shri Sadan,
Behind Chitra Talkies,
Amravati.

**चाहिए**
बर्तन की दुकान में काम करने के लिए लडके चाहिए.
उम्र - 25 से 35 साल
पगार 12000/- से 13500/-
संपर्क - अमित मेटल
जुना कॉटन मार्केट, होटल आदर्श क पास, प्रविरा आर्ट की गल्ली में, अमरावती
मिलने का समय - 1 से 3 बजे तक

**पाहिजे**
रचना सृष्टि या बांधकाम कंपनी मध्ये अनुभवी अकाउंटंट पाहिजे.
संपर्क
Resume send on whatsapp
9423861263

**बेचना है**
कम इस्तेमाल किया हुआ और अच्छी स्थिति में ऑफिस फर्नीचर बिक्री के लिए उपलब्ध है।
इसमें शामिल हैं -
OFFICE TABLE,
OFFICE CHAIR,
अन्य ऑफिस उपयोगी फर्नीचर, अलमारी / स्टोरेज कैबिनेट
संपर्क
8806667697

**पाहिजे**
दुकानाकरिता नोकर -3 जागा
(पार्ट टाइम / फुल टाइम)
आकर्षक पगार
संपर्क
8999963164
संपर्क करण्याचा टाईम - दुपारी 12 ते 3

**चाहिए**
कपडा दुकान में काम करने के लिए लडके चाहिए.
उम्र - 20 से 40
पगार 10 से 12 हजार
समय 10.00 से 9.30 तक
संपर्क
8999826822

**ड्रायव्हर पाहिजे**
कार शिकविण्यासाठी ड्रायव्हिंग स्कुलला पाच वर्ष जुने लायसन्स असलेला अनुभवी ड्रायव्हर पाहिजे. ट्रक चालविता येत असल्यास प्राधान्य.
भेटा - गुहे ड्रायव्हिंग स्कुल अमरावती
मो.- 9359974933

**चाहिए**
■ इलेक्ट्रीशिन - 2
कुलर रिपेरिंग के लिए
■ हेल्पर - 2
संपर्क
हरिश इलेक्ट्रॉनिक्स
वालकट कम्पाउंड, धर्मदाय कॉटन फंड रोड, अमरावती.